CLASS-V [सामान्य ज्ञान]

(बिहार की सड़के)

प्रश्न:- बिहार में सड़क मार्ग को कितने भागों में बाँटा गया है?

उत्तर:- बिहार में सड़क मार्ग को चार भागों में बाँटा गया है।

I. ग्रामीण सड़के II. जिला स्तर की सड़के III. राज्य राजपथ IV. राष्ट्रीय राजपथ

प्रश्न:- राष्ट्रीय राजपथ किसे कहते हैं?

उत्तर:- जो सड़क एक राज्यों को दूसरे राज्यों से जोड़ती है, उसे राष्ट्रीय राजपथ कहते हैं। इस सड़क की देख-रेख भारत सरकार करती है।

प्रश्न:- राज्य राजपथ किसे कहते हैं?

उत्तर:- जो सड़क राज्य के जिला मुख्यालयों को मिलाती है उसे राज्य राजपथ कहते है। इस सड़क की देख-रेख राज्य सरकार करती है।

प्रश्न:- बिहार में पक्की सड़कों की कुल लम्बाई कितनी है?

उत्तर:- बिहार में पक्की सड़कों की कुल लम्बाई 35,000 किलोमीटर है।

प्रश्न:- बिहार में कच्ची सड़को की कुल लम्बाई कितनी है

उत्तर:- बिहार में कच्ची सड़को की कुल लम्बाई 49,971 किलोमीटर है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई कितनी है?

उत्तर:- बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 2056 किमी० है।

प्रश्न:- कौन-कौन सी राष्ट्रीय राजपथ बिहार से होकर गुजरती है?

उत्तर:- निम्न लिखित राष्ट्रीय राजपथ बिहार से होकर गुजरती है।

NH-2 यह बिहार होते हुए दिल्ली से कोलकता को जाती है। इसे शेरशाह सूरी मार्ग अथवा ग्रांड ट्रंक रोड कहा जाता है।

NH.28 - यह बरौनी-मुजफ्फरपुर होते हुए लखनऊ को जाती है। इसकी लम्बाई 259 किमी० है।

NH.28A - यह पिपरा से रक्सौल तक जाती है इसकी लम्बाई 68 किलोमीटर है।

NH.30 - बख्तियारपुर-पटना-आरा-मोहनिया होते हुए उत्तर प्रदेश मे प्रवेश करती है। इसकी लम्बाई 230 किमी० है।

NH.31 - मोकामा, बेगूसराय, खगड़िया होते हुए यह सिलीगुड़ी जाती है।

NH.82 - यह बिहारशरीफ से अमुई तक जाती है। इसकी लम्बाई 50 किमी० है।

NH.83 - यह पटना से जहानाबाद होते हुए डोभी (गया) तक जाती है। इसकी लम्बाई 130 किमी० है।

Scanned with CamScanner

NH-98 - यह पटना से आरम्भ होते हुए औरंगाबाद तक जाती है, इसकी लम्बाई 170 कि०मी० है।

प्रश्न:- बिहार में सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजपथ कौन सा है?

उत्तर:- बिहार में सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजपथ NH-31 (इसकी लम्बाई 387 कि०मी०) जो मोकामा, बेगूसराय होते हुए सिलीगुड़ी तक जाती है।

## [बिहार में रेल]

प्रश्न:- बिहार में रेल यातायात का शुभारम्भ कब हुआ?

उत्तर:- बिहार में रेल यातायात का शुभारम्भ 1860 ई० में हुआ।

प्रश्न:- बिहार में सर्वप्रथम कहाँ से कहाँ तक रेलवे लाईन बिछायी गयी थी?

उत्तर:- बिहार में सर्वप्रथम भागलपुर, मोकामा, पटना, आरा होते हुए मुगलसराय तक रेलवे लाईन बिछायी गयी थी।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार में कितने प्रकार के रेलमार्ग हैं?
उत्तर :- बिहार में दो प्रकार के रेलमार्ग है।
1. बड़ी लाईन   II. छोटी लाईन

प्रश्न :- सवारी गाड़ी किसे कहा जाता है?
उत्तर :- सभी स्टेशनों पर रुकने वाली गाड़ियों को सवारी गाड़ी कहा जाता हैं।

प्रश्न :- एक्सप्रेस गाड़ी किसे कहा जाता है?
उत्तर :- जो गाड़ी सभी स्टेशनों पर न रुककर बड़े - बड़े स्टेशनों पर रुकती है, उसे एक्सप्रेस गाड़ी कहा जाता है।

प्रश्न :- बिहार के किस रेलमार्ग को ग्रांड कार्ड रेलमार्ग कहा जाता है?
उत्तर :- मुगलसराय से डिहरी-ऑन-सोन तथा गया होकर कोलकत्ता जानेवाली रेलमार्ग को "ग्रांड कार्ड" रेलमार्ग कहा जाता है।

प्रश्न :- बिहार के किस रेलमार्ग को "मेन लाईन" कहा जाता है?
उत्तर :- आरा-पटना, मोकामा, झाझा (जमुई) होकर दिल्ली तक जानेवाली रेलमार्ग को "मेन लाईन" कहा जाता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार राज्य से कितने रेलवे-क्षेत्र (ज़ोन) की गाड़ियाँ गुजरती है?

उत्तर :- निम्नलिखित तीन ज़ोन की गाड़ियाँ बिहार से होकर गुजरती है।

I. पूर्वोत्तर रेलवे - उत्तरी बिहार
II. पूर्व-मध्य रेलवे - मध्य बिहार
III. पूर्वोत्तर सीमा रेलवे - उत्तरी बिहार

प्रश्न :- बिहार में कौन सा नया रेलवे ज़ोन स्थापित किया गया है इसका मुख्यालय कहाँ है?

उत्तर :- बिहार में पूर्व-मध्य रेलवे नया रेलवे ज़ोन स्थापित किया गया है इसका मुख्यालय हाजीपुर है।

प्रश्न :- बिहार में किन स्थानों पर सड़क पुल और रेल पुल दोनों है?

उत्तर :- बिहार में निम्नलिखित स्थानों पर सड़क पुल और रेल पुल दोनों है।

I. अब्दुलबारी पुल - कोइलवर (सोन नदी)
II. राजेन्द्र पुल - मोकामा (गंगा नदी)
III. जवाहर पुल - डेहरी-ऑन-सोन (सोन नदी)

प्रश्न :- बिहार का सबसे बड़ा सड़क पुल कौन सा है?

उत्तर :- बिहार का सबसे बड़ा सड़क पुल महात्मागाँधी सेतु जो पटना में गंगा नदी पर बना है।

Scanned with CamScanner

# [बिहार में हवाई अड्डे]

प्रश्न :- बिहार का सर्वप्रमुख हवाई अड्डा कौन सा है?

उत्तर :- बिहार का सर्वप्रमुख हवाई अड्डा जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डा - पटना में है।

प्रश्न :- बिहार में पटना के अतिरिक्त और कहाँ-कहाँ हवाई अड्डे है?

उत्तर :- बिहार में पटना के अतिरिक्त गया, मुजफ्फरपुर तथा भागलपुर में हवाई अड्डे है।

प्रश्न :- बिहार के किस नगर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा उपलब्ध है?

उत्तर :- बिहार के पटना नगर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा उपलब्ध है। जिसका नाम जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।

प्रश्न :- इंडियन एयरलाइंस की सेवा बिहार के किन नगरों में उपलब्ध है?

उत्तर :- इंडियन एयरलाइंस की सेवा केवल बिहार के पटना नगर में उपलब्ध है।

प्रश्न :- बिहार में सैनिक हवाई अड्डा किन स्थानों पर है?

उत्तर :- बिहार में सैनिक हवाई अड्डा बिहटा (पटना) तथा पूर्णिया में है।

Scanned with CamScanner

## [बिहार में संचार का साधन]

प्रश्न :- बिहार में संचार के साधन कौन-कौन से हैं?

उत्तर :- बिहार में संचार के साधन डाक व तार सेवा, टेलीफोन, रेडियो, दूरदर्शन, टेलेक्स एवं फैक्स आदि है।

प्रश्न :- डाक व तार विभाग की सेवा किस प्रकार की होती है?

उत्तर :- यह विभाग पत्र, पार्सल, मनी आर्डर आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने की व्यवस्था करता है।

प्रश्न :- टेलीफोन विभाग किस प्रकार की सेवा प्रदान करता है?

उत्तर :- यह विभाग टेलीफोन द्वारा एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से फोन पर बात करने की सुविधा प्रदान करता है।

प्रश्न :- रेडियो स्टेशन से हमें किस प्रकार की सेवा प्राप्त होती है?

उत्तर :- रेडियो स्टेशन से हमें समाचार, नाटक, गाना, भजन आदि सुनने को मिलता है।

प्रश्न :- बिहार में रेडियो स्टेशन कहाँ-कहाँ है?

उत्तर :- बिहार में रेडियो स्टेशन पटना, भागलपुर, दरभंगा तथा सासाराम में है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- दूरदर्शन केन्द्र से हमें किस प्रकार की सेवा प्राप्त होती है?

उत्तर :- दूरदर्शन केन्द्र के द्वारा हमें घर बैठे टेलीविजन सेट पर देश - विदेश की घटनाएँ, समाचार, फिल्म, नाटक, खेलकूद आदि कार्यक्रम दिखाए जाते हैं।

प्रश्न :- बिहार में दूरदर्शन केन्द्र कहाँ - कहाँ स्थित हैं?

उत्तर :- बिहार में दूरदर्शन केन्द्र पटना तथा मुजफ्फरपुर में स्थित हैं।

प्रश्न :- फैक्स क्या है?

उत्तर :- फैक्स वह इलेक्ट्रॉनिक मशीन है जिससे लिखित संदेश भेजने पर दूसरी ओर इसकी फोटो कॉपी प्राप्त होती है।

प्रश्न :- टेलेक्स क्या है?

उत्तर :- टेलेक्स वह इलेक्ट्रॉनिक मशीन है जिसके द्वारा एक ओर से संदेश भेजने पर दूसरी ओर प्रिंट पर लिखित रूप में संदेश प्राप्त होता है।

प्रश्न :- सर्वप्रथम बिहार में किस स्थान से तथा कब दूरदर्शन सेवा शुरु की गई थी?

उत्तर :- सर्वप्रथम बिहार में मुजफ्फरपुर से तथा 1978 ई० में दूरदर्शन सेवा शुरु की गई थी।

Scanned with CamScanner

[बिहार के यातायात के साधन]

प्रश्न :– यातायात के साधन किसे कहते है?

उत्तर :– जिस साधन के द्वारा मनुष्य तथा सामानों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाता है, उसे यातायात के साधन कहते है।

प्रश्न :– बिहार में यातायात के कितने साधन है?

उत्तर :– बिहार में यातायात के तीन साधन है।
I. थल (स्थल) II. जल III. वायु मार्ग

प्रश्न :– जल परिवहन क्या है?

उत्तर :– जल-परिवहन किसी भी देश का सबसे सस्ता यातायात प्रदान करनेवाला साधन है क्योंकि इसके निर्माण में परिवहन मार्गो का निर्माण नहीं करना पड़ता है और केवल परिवहन के साधनों से ही यातायात किया जाता है।

प्रश्न :– वायु परिवहन क्या है?

उत्तर :– वायु परिवहन आज विश्व का तीव्रगामी परिवहन है और इसका महत्व इन दिनों सबसे अधिक हो गया है, क्योंकि इसने विश्व की दूरी को बहुत कम कर दिया है।

प्रश्न :– स्थल यातायात क्या है?

उत्तर :– स्थल यातायात के माध्यम से हम प्रखण्ड मुख्यालय, जिला मुख्यालय, राज्य के राजधानियों एवं देश की राजधानी तथा पड़ोसी देश तक जाया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- बिहार में जलमार्ग कहाँ-कहाँ है?
उत्तर:- बिहार में निम्नलिखित मार्गों पर जलमार्ग की व्यवस्था है।
I. कहलगाँव से काढ़ागोला घाट
II. बरारी घाट से महादेवपुर घाट
III. साहेबगंज से मनिहारी घाट
IV. मुंगेर से भी इसकी व्यवस्था है।

[बिहार की बहुद्देशीय परियोजनाएँ]

प्रश्न:- "बहुद्देशीय परियोजना" किसे कहते हैं।
उत्तर:- जिन योजनाओं से बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई, पनबिजली तथा मिट्टी के कटाव की रोक-थाम जैसे अनेक उद्देश्यों की पूर्ति की जाती है, उसे बहुद्देशीय परियोजनाएँ कहते हैं।

प्रश्न:- बिहार में बहुद्देशीय परियोजनाएँ कौन-कौन सी हैं?
उत्तर:- बिहार में बहुद्देशीय परियोजनाएँ निम्नलिखित हैं।
I. कोसी परियोजना :- यह सहरसा जिले में कोसी नदी पर 1965 ई० में जर्मनी की सहायता से बनायी गयी परियोजना है। इसके द्वारा बाढ़-नियंत्रण, सिंचाई एवं विद्युत की सुविधा प्रदान की जाती है।

Scanned with CamScanner

II. गंडक परियोजना :— यह बिहार, उत्तर प्रदेश तथा नेपाल की संयुक्त परियोजना है, यह गंडक नदी पर बनायी गयी है, इसके द्वारा सिंचाई एवं विद्युत की सुविधा प्रदान की जाती है।

III. सोन परियोजना :— यह बिहार की सोन नदी पर बनायी गयी परियोजना है, इस योजना द्वारा सिंचाई की व्यवस्था की गयी है।

प्रश्न :— बिहार में बहुद्देशीय योजनाओं के अन्तर्गत कौन-कौन से प्रमुख बाँध बनाए गये हैं?

उत्तर :— बिहार में बहुद्देशीय योजनाओं के अन्तर्गत भागलपुर जिले के चन्दन नदी पर चन्दन बाँध तथा बदुआ नदी पर बदुआ बाँध बनाया गया है।

Scanned with CamScanner

# सम - सामयिकी (Current Affairs) :-

1. छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी कहाँ है?
:— अटल नगर (नया रायपुर)

2. भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड कहाँ है?
:— बंगलुरू (कर्नाटक)

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री कौन है?
:— मनोहर लाल खट्टर

4. मुख्यमंत्री घर घर राशन योजना को कहाँ शुरू किया है? :— दिल्ली

5. दिल्ली के मुख्यमंत्री कौन है?
:— अरविंद केजरीवाल (AAP पार्टी)

6. भारत का सबसे पुराना नेशनल पार्क कहाँ है?
:— जिम कॉर्बेट (उत्तराखंड)

7. भारत का सबसे ऊँचा बाँध कौन सा है?
:— टिहरी बाँध

8. जोरम मेगा फूड पार्क कहाँ है?
:— मिजोरम

9. ICAT :— International Centre for Automotive Technology.

10. भारत के रेल मंत्री कौन है? :— पीयूष गोयल

11. भारतीय रेलवे का मुख्यालय कहाँ है?
:— नई दिल्ली

Scanned with CamScanner

[बिहार के प्रमुख पर्व-त्योहार]

प्रश्न:- पर्व-त्योहार क्या है?

उत्तर:- पर्व-त्योहार एक परम्परा है, जिसे धार्मिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

प्रश्न:- हिन्दू धर्म के माननेवाले बिहार में कौन-कौन से पर्व-त्योहार मनाते हैं?

उत्तर:- हिन्दू धर्म के माननेवाले बिहार में दशहरा, दीपावली, होली, रक्षाबंधन, छठ, रामनवमी, कृष्णजन्माष्टमी, इत्यादि पर्व-त्योहार मनाते हैं।

प्रश्न:- इस्लाम धर्म के माननेवाले प्रमुख रूप से बिहार में कौन-कौन सा पर्व-त्योहार मनाते हैं?

उत्तर:- इस्लाम धर्म के माननेवाले प्रमुख रूप से बिहार में ईद, बकरीद, मुहर्रम आदि पर्व-त्योहार मनाते हैं।

प्रश्न:- ईसाई धर्म के माननेवाले बिहार में प्रमुख रूप से कौन-कौन-सा पर्व-त्योहार मनाते हैं?

उत्तर:- ईसाई धर्म के माननेवाले बिहार में प्रमुख रूप से क्रिसमस, गुड फ्राइडे, ईस्टर आदि पर्व-त्योहार मनाते हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- जैन धर्म के मानने वाले बिहार में प्रमुख रूप से कौन सा पर्व-त्योहार मानते हैं?

उत्तर :- महावीर जयंती

प्रश्न :- बौद्ध धर्म के मानने वाले बिहार में कौन सा पर्व-त्योहार मनाते हैं?

उत्तर :- बुद्ध जयंती

प्रश्न :- सिख धर्म के मानने वाले बिहार में मुख्य रूप से कौन-कौन सा पर्व-त्योहार मनाते हैं?

उत्तर :- गुरु नानक जयंती, गुरु गोविन्द सिंह जयंती, बैसाखी इत्यादि सिख धर्म के मानने वाले बिहार में मुख्य रूप से पर्व-त्योहार मनाते हैं।

प्रश्न :- बिहार में मनाये जाने वाले प्रमुख त्योहार कौन-कौन से हैं?

उत्तर :- बिहार में मनाये जाने वाले प्रमुख त्योहार निम्नलिखित हैं। (i) रामनवमी (ii) कृष्णाजन्माष्टमी (iii) होली (iv) दशहरा (v) दीपावली (vi) छठ पर्व (vii) गोवर्द्धन पूजा (viii) सरस्वती पूजा (ix) रक्षाबंधन (x) मकरसंक्रांति (xi) महालया (xii) महावीर जयंती (xiii) बुद्ध जयंति (xiv) गुरु गोविन्द सिंह दिवस (xv) ईद (xvi) बकरीद (xvii) मुहर्रम (xviii) देवोत्थान एकादशी (xix) क्रिसमस (xx) गुड-फ्राइडे

Scanned with CamScanner

[बिहार के लोक-नृत्य एवं कला संस्कृति]

प्रश्न :- बिहार के प्रमुख लोकगीत कौन-कौन-से हैं?

उत्तर :- बिहार के प्रमुख लोक-गीत चैती, कजरी, होली, दीना, गदरी, सलहेस, बिजमैल, लोरिकायन, नयका बंजारा आदि हैं।

प्रश्न :- वर्षा के दिनों में खेतों में काम करते समय औरतें कौन-सा गीत गाया करती हैं?

उत्तर :- वर्षा के दिनों में खेतों में काम करते समय औरतें 'बारहमासा' गीत गाया करती हैं।

प्रश्न :- शादी-विवाह के मौके पर बिहार में कौन-सा गीत गाया जाता है?

उत्तर :- बिहार में शादी-विवाह के मौके पर "झूमर एवं सिंगा" गीत गाया जाता है।

प्रश्न :- लड़कियों की विदाई के अवसर पर कौन-सा गीत गाया जाता है?

उत्तर :- लड़कियों की विदाई के अवसर पर "समदाउन" गीत गाया जाता है।

प्रश्न :- गाँव में चक्की से आटा पीसते समय महिलाएँ कौन-सा गीत गाया करती हैं?

उत्तर :- गाँव में चक्की से आटा पीसते समय महिलाएँ "जँतसारी" गीत गाया करती हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- चरवाहे मवेशी चराते समय कौन सा गीत गाया करते है?
उत्तर :- चरवाहे मवेशी चराते समय "बिरहा" गीत गाया करते है।

प्रश्न :- "बटोहिया" गीत के लेखक कौन थे?
उत्तर :- "बटोहिया" गीत के लेखक बाबू रघुवीर नारायण थे।

प्रश्न :- "फिरंगिया" गीत के लेखक कौन थे?
उत्तर :- "फिरंगिया" गीत के लेखक मनोरंजन प्रसाद सिन्हा थे।

प्रश्न :- कचहरियों, रेलवे स्टेशनों, हाट तथा बाजारों में छोटे से ढोलक पर जो गीत गाया जाता है उसे क्या कहा जाता है?
उत्तर :- कचहरियों, रेलवे स्टेशनों, हाट तथा बाजारों में छोटे से ढोलक पर जो गीत गाया जाता है उसे आल्हा, लोरिकायन कहा जाता है।

प्रश्न :- बिहार के प्रमुख लोक-नृत्य कौन-कौन से है?
उत्तर :- बिहार के प्रमुख लोक-नृत्य रामलीला, नाच, भगत नाच, कीर्तनिया नाच तथा पूजा-आरती नाच आदि है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार राज्य के अन्य लोक-नृत्य कौन - कौन - से हैं ?
उत्तर :- बिहार राज्य के अन्य - लोक-नृत्य झूमर, पैका, नटुआ, नचनी आदि है।

प्रश्न :- बिहार में शास्त्रीय संगीत की किस शैली का विकास हुआ ?
उत्तर :- ख्याल, ठुमरी, गजल, धमार एवं ध्रुपदगायन आदि बिहार में शास्त्रीय संगीत शैली का विकास हुआ।

प्रश्न :- मिथिला में किसका और कौन सा गीत लोकप्रिय है ?
उत्तर :- मिथिला में विद्यापति और नचारी राग गीत लोकप्रिय है।

प्रश्न :- अट-आट्टन किस क्षेत्र का लोकनृत्य है ?
उत्तर :- अट-आट्टन मिथिला क्षेत्र का लोक-नृत्य है।

प्रश्न :- बिहार के प्रमुख वाद्ययंत्र कौन - कौन - से है ?
उत्तर :- बिहार के प्रमुख वाद्ययंत्र पखावज, सितार, सारंगी, बाँसुरी, डमरु, शहनाई, मंजीरा, डंका, ढोलक, तबला आदि है।

[बिहार का राज्य विधानमंडल]

प्रश्न:- राज्य व्यवस्थापिका को क्या कहा जाता है?

उत्तर:- राज्य व्यवस्थापिका को विधानमंडल (State Legislature) कहा जाता है।

प्रश्न:- राज्य का कानून बनाने का काम किसका है?

उत्तर:- राज्य का कानून बनाने का काम विधान मंडल का है।

प्रश्न:- राज्य के विधानमंडल में कितने सदन होते हैं?

उत्तर:- राज्य के विधानमंडल में दो सदन होते हैं (I) विधानसभा (II) विधान परिषद

प्रश्न:- विधान मंडल का प्रथम सदन (निम्न सदन) कौन होता है?

उत्तर:- विधानमंडल का प्रथम सदन विधान सभा होता है।

प्रश्न:- विधानमंडल का उच्च सदन क्या कहलाता है?

उत्तर:- विधानमंडल का उच्च सदन विधान परिषद कहलाता है।

प्रश्न:- प्रत्येक राज्य में विधानसभा और विधान परिषद का होना आवश्यक है या नहीं?

उत्तर:- नहीं, बहुत से ऐसे राज्य हैं, जहाँ विधान परिषद नहीं है।

Scanned with CamScanner

[विधानसभा (Legislative Assembly)]

प्रश्न :- राज्य की जनता की प्रतिनिधि सभा किसे कहा जाता है?

उत्तर :- राज्य की जनता की प्रतिनिधि सभा विधान सभा को कहा जाता है।

प्रश्न :- विधान सभा का मुख्य कार्य क्या है?

उत्तर :- विधान सभा का मुख्य कार्य कानून बनाना है।

प्रश्न :- बिहार विधान सभा में सदस्यों की संख्या कितनी है?

उत्तर :- 243

प्रश्न :- अनुसूचित जाति के लिए बिहार विधान सभा में कितने स्थान सुरक्षित है?

उत्तर :- 48

प्रश्न :- अनुसूचित जनजाति के लिए बिहार विधान सभा में कितने स्थान सुरक्षित हैं?

उत्तर :- 28

प्रश्न :- विधान सभा में अधिक से अधिक कितने सदस्य हो सकते हैं?

उत्तर :- 500

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- विधान सभा में कम से कम कितने सदस्य हो सकते हैं?
उत्तर :- 60

प्रश्न :- विधान सभा का सदस्य होने के लिए न्यूनतम उम्र सीमा कितनी होनी चाहिए?
उत्तर :- 25 वर्ष

प्रश्न :- विधान सभा के सदस्य को क्या कहा जाता है?
उत्तर :- विधायक (MLA) Member of Legislative Assembly.

प्रश्न :- विधान सभा के सदस्यों का चुनाव किस प्रकार किया जाता है?
उत्तर :- विधानसभा के सदस्यों का चुनाव व्यस्क मतदाता द्वारा प्रत्यक्ष ढंग से किया जाता है।

प्रश्न :- विधानसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों के लिए होता है?
उत्तर :- 5 वर्षों के लिए
प्रश्न :- विधानसभा की बैठक की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलानेवाले पदाधिकारी को क्या कहा जाता है?
उत्तर :- विधानसभाध्यक्ष (Speaker)

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- विधान सभा की बैठक का सभापतित्व कौन करता है?
उत्तर :- विधानसभाध्यक्ष (Speaker)

प्रश्न :- राज्य विधानसभा के अध्यक्ष का निर्वाचन किस प्रकार होता है?
उत्तर :- राज्य विधान सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन विधान सभा के सदस्य आपस में मिलकर एक अध्यक्ष का चुनाव करते हैं

प्रश्न :- विधान सभा के सदस्य अपना त्यागपत्र किसे देते हैं?
उत्तर :- विधानसभाध्यक्ष

[ विधान परिषद Legislative Council ]

प्रश्न :- विधान मंडल का उच्च सदन किसे कहा जाता है?
उत्तर :- विधान परिषद को

प्रश्न :- विधान परिषद के सदस्यों का कार्यकाल क्या है?
उत्तर :- 6 वर्ष

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- विधान परिषद में सदस्यों की कम-से-कम कितनी संख्या हो सकती है?
उत्तर :- 40

प्रश्न :- विधान परिषद का सदस्य होने के लिए न्यूनतम आयु क्या है?
उत्तर :- 30 वर्ष

प्रश्न :- विधान परिषद के सदस्यों का चुनाव किस प्रकार होता है?
उत्तर :- विधान परिषद के सदस्यों का चुनाव कुल सदस्य का 5/6 भाग निर्वाचन द्वारा चुने जाते है तथा 1/6 भाग राज्यपाल द्वारा मनोनीत किये जाते है।

प्रश्न :- विधान मंडल का कौन सा सदन स्थायी है और क्यों?
उत्तर :- विधान मंडल का विधान परिषद स्थायी सदन है, क्योंकि इसे कभी भंग नहीं किया जा सकता।

प्रश्न :- विधान परिषद की बैठक को सुचारु रूप से चलानेवाले पदाधिकारी को क्या कहा जाता है?
उत्तर :- विधान परिषद का सभापति

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- विधान परिषद में सदस्यों की संख्या अधिकतम कितनी हो सकती है?
उत्तर:- विधान परिषद में सदस्यों की संख्या अधिकतम विधानसभा के सदस्यों की संख्या की एक तिहाई हो सकती है।

प्रश्न:- धन-विधेयक को विधान परिषद कितने दिनों तक रोक सकती है?
उत्तर:- धन-विधेयक को विधान परिषद 14 दिनों तक रोक सकती है।

प्रश्न:- विधान परिषद के सदस्यों का चुनाव कितने वर्षों पर होता है?
उत्तर:- विधान परिषद के सदस्यों का चुनाव प्रत्येक दो वर्ष पर एक-तिहाई सदस्य पद छोड़ते हैं तथा उतने ही सदस्यों का चुनाव होता है।

प्रश्न:- विधान परिषद के सभापति की अनुपस्थिति में उनके कार्यों का निर्वाह कौन करता है?
उत्तर:- विधान परिषद के सभापति की अनुपस्थिति में उनके कार्यों का निर्वाह उप-सभापति करता है।

Scanned with CamScanner

[लोकसभा (House of People)]

प्रश्न:- लोकसभा क्या है?
उत्तर:- लोकसभा एक संस्था है जिसमें देश की जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधि आते है।

प्रश्न:- लोकसभा के सदस्य को क्या कहा जाता है?
उत्तर:- सांसद या संसद सदस्य (M.P)
Member of Parliament

प्रश्न:- लोकसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या कितनी है?
उत्तर:- 545

प्रश्न:- लोकसभा के सदस्य किस प्रकार निर्वाचित होते है?
उत्तर:- लोकसभा के सदस्य जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होते है

प्रश्न:- लोकसभा के सदस्य होने के लिए आयु कम से कम कितनी होनी चाहिए?
उत्तर:- 25 वर्ष

प्रश्न:- लोकसभा का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
उत्तर:- 5 वर्ष

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- लोकसभा की अध्यक्षता कौन करता है?
उत्तर :- लोकसभाध्यक्ष (House of People speaker)

प्रश्न :- लोकसभा का अधिवेशन कौन बुलाता है?
उत्तर :- राष्ट्रपति

प्रश्न :- लोकसभा का सभापति कौन होता है?
उत्तर :- लोकसभाध्यक्ष (House of people speaker)

प्रश्न :- किसकी अनुशंसा पर राष्ट्रपति लोकसभा को भंग कर सकता है?
उत्तर :- प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर राष्ट्रपति लोकसभा को भंग कर सकता है।

प्रश्न :- राष्ट्रपति लोकसभा के कितने सदस्यों को मनोनीत करता है?
उत्तर :- राष्ट्रपति लोकसभा के 2 (दो) सदस्यों को मनोनीत करता है।

प्रश्न :- लोकसभा के सदस्य अपना त्यागपत्र किसे देते है?
उत्तर :- लोकसभा के सदस्य अपना त्याग-पत्र लोकसभाध्यक्ष को देते है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार में लोकसभा के सदस्यों की संख्या कितनी है?

उत्तर :- बिहार में लोकसभा के सदस्यों की संख्या 40 है।

प्रश्न :- बिहार में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कितनी है?

उत्तर :- बिहार में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 40 है।

प्रश्न :- लोकसभा का सर्वाधिक सदस्य किस राज्य से आते हैं?

उत्तर :- उत्तर प्रदेश (80 सदस्य)

प्रश्न :- दूसरे नम्बर का वह कौन सा राज्य है, जो लोकसभा में सर्वाधिक सदस्य भेजता है?

उत्तर :- महाराष्ट्र (48 सदस्य)

प्रश्न :- लोक सभा का अधिवेशन वर्ष में कम से कम कितने बार होता है?

उत्तर :- लोकसभा का अधिवेशन वर्ष में कम से कम दो (2) बार होता है।

Scanned with CamScanner

## [राज्यसभा Council of state]

प्रश्न :- राज्य सभा क्या है?

उत्तर :- राज्य सभा वह संस्था है जिसमें राज्यों से विधानसभा के सदस्यों द्वारा सदस्य चुनकर आते हैं।

प्रश्न :- राज्यसभा में सदस्यों की अधिकतम संख्या कितनी है?

उत्तर :- राज्यसभा में सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 है।

प्रश्न :- राज्य सभा सदस्य को क्या कहा जाता है?

उत्तर :- राज्य सभा सदस्य को सांसद या संसद सदस्य (M.P) Member of Parliament.

प्रश्न :- राज्य सभा में राष्ट्रपति कितने सदस्यों को मनोनीत करता है?

उत्तर :- राज्य सभा में राष्ट्रपति 12 (बारह) सदस्यों को मनोनीत करता है।

प्रश्न :- बिहार से कितने सदस्य राज्य सभा के लिए चुनकर आते हैं?

उत्तर :- बिहार से (16) सोलह सदस्य राज्यसभा के लिए चुनकर आते हैं।

प्रश्न :- राज्यसभा का अधिवेशन कौन बुलाता है?

उत्तर :- राज्यसभा का अधिवेशन "राष्ट्रपति" बुलाता है

प्रश्न :- राज्य सभा का सभापति कौन होता है?

उत्तर :- राज्य सभा का सभापति भारत का उप-राष्ट्रपति होता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- राज्य सभा के सदस्यों का निर्वाचन किस प्रकार होता है?

उत्तर :- राज्य सभा के सदस्यों का निर्वाचन राज्यों के विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा होता है।

प्रश्न :- राज्य सभा का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर :- राज्यसभा का कार्यकाल 6 वर्षों का होता है।

प्रश्न :- संसद का उच्च सदन किसे कहा जाता है?

उत्तर :- राज्य सभा (Council of State)

प्रश्न :- राज्य सभा के सदस्यों का चुनाव कितने वर्षों में होता है?

उत्तर :- राज्य सभा के सदस्यों का चुनाव प्रत्येक (2) दो वर्ष पर होता है।

प्रश्न :- राज्य सभा का अधिवेशन वर्ष में कितनी बार होता है?

उत्तर :- राज्य सभा का अधिवेशन वर्ष में दो (2) बार होता है।

प्रश्न :- राज्य सभा का सदस्य होने के लिए आयु की न्यूनतम सीमा क्या है?

उत्तर :- राज्यसभा का सदस्य होने के लिए आयु की न्यूनतम सीमा 30 वर्ष है।

Scanned with CamScanner